# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001

email- jdajodhpur@yahoo.com वेब-साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/2656355-7 Fax 021-2612086


क्रमांक/टीसीबी/2016/134 दिनांक :: 17 जून, 2016

## बैठक कार्यवाही विवरण

जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक दिनांक 17 जून, 2016 को प्रातः 10.00 श्री कैलाशचन्द्र मीणा, आई.ए.एस., जोधपुर विकास आयुक्त एवं अध्यक्ष, जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्षता में प्राधिकरण स्थित कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची परिशिष्ट–1 पर संलग्न है।

**प्रस्ताव संख्या 1 :: गत बैठक दिनांक 17 मई, 2016 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि**

जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की गत बैठक दिनांक 17 मई, 2016 का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत हुआ। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से गत बैठक दिनांक 17 मई, 2016 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 2 :: शहर की सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा।**

बैठक में शहर की सुचारू यातायात व्यवस्था के संबंध में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने दाऊजी की होटल तिराहा एवं एम्स तिराहा का यातायात की दृष्टि से सर्वे करवाने की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में इस संबंध में विचार विमर्श कर उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात के निर्देशन में अधिशाषी अभियन्ता, नगर निगन, अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग, जिला परिवहन अधिकारी एवं यातायात पुलिस के अधिकारियों द्वारा संयुक्त सर्वे करवाकर अपनी रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 3 :: सिटी बस/ ऑटो रिक्शा स्टेण्ड के संबंध में चर्चा।**

बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने ऑटो रिक्शा/ सिटी बस स्टेण्डों की समीक्षा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात ने बैठक में अवगत कराया कि कई स्टेण्ड आज ऐसे हैं जिनकी कोई उपयोगिता नहीं है। इसी प्रकार कई नवीन स्थल जैसे कायलाना के पास माचिया सफारी पार्क, भदवासिया फल सब्जी मण्डी के पास, पावटा सी रोड पर रजवाडा मार्बल गौदाम के आगे आरटीओ कार्यालय की तरफ आदि स्थानों पर ऑटो रिक्शा स्टेण्ड अधिसूचित करने की आवश्यकता है। उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात ने यह भी सुझाव दिया कि सिटी बस/ऑटो रिक्शा स्टेण्ड की अधिसूचना एक ही विभाग से जारी होनी चाहिए ताकि एकरूपता व समानता बनी रहे तथा किसी भी प्रकार की भ्रांति उत्पन्न नहीं हो।

बैठक में इस संबंध में विचार विमर्श कर अधिशाषी अभियन्ता, नगर निगम के नेतृत्व में आगामी 15 दिवस में सिटी बस/ऑटो रिक्शों स्टेण्डों का मौका देखकर रिव्यू करने के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। अधिशाषी अभियन्ता के साथ संबंधित यातायात

निरीक्षक उपस्थित रहकर मौका निरीक्षण करवायेंगे। उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट को इस संबंध में आदेश जारी करने हेतु बैठक में निर्देश प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात ने बैठक में अवगत कराया कि अधिकांश अधिसूचित सिटी बस/ऑटो रिक्शा स्टेण्ड पर पर अतिक्रमण पाये जाते हैं जिसके कारण अधिसूचित स्टेण्ड का समुचित उपयोग नहीं हो पाता है तथा आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से ऐसे स्टेण्डों को नो–वेडिंग जोन घोषित करने हेतु आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को निवेदन करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में यह भी निर्णय लिया गया कि ऐसे सिटी बस/ऑटो रिक्शा स्टेण्ड की सूची व विवरण उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को जरिये पत्र सूचित किया जावेगा।

प्रस्ताव संख्या 4 :: यातायात सिग्नल एवं संकेत बोर्ड लगाने पर चर्चा।

बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया कि उनके द्वारा जरिये पत्र कमांक य.2 ( ) जोध/ पु. उपा./ याता/ 2016/ 3889 दिनांक 14 जून, 2016 द्वारा अवगत कराया कि पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में ध्वनि निषेध क्षेत्र के बोर्ड लगाये जाने है। उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अपने पत्र दिनांक 14 जून, 2016 के बिन्दु संख्या 5 के अन्तर्गत ऐसे 26 स्थान अंकित किये है।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात के पत्र दिनांक 14 के बिन्दु संख्या 5 में वर्णित 26 स्थानों पर प्राधिकरण की ओर से यातायात पुलिस के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में संकेत बोर्ड लगाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में उपस्थित उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर वर्तमान में संचालित/स्थापित की जा रही यातायात सिग्नल लाईटों की प्रगति से अवगत कराते हुए अवगत कराया कि शहर में अभी कई ऐसे स्थान है, जहां फिलहाल यातायात सिग्नल लाईटों की आवश्यकता नहीं है। ऐसे स्थानों में सर्किट हाऊस चौराहा, भास्कर चौराहा रातानाडा, प्रताप नगर टैम्पो स्टेण्ड, घडी तिराहा पाल लिंक रोड, चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड प्रथम पुलिया चौराहा प्रमुख है। बैठक में उपस्थित अधिशाषी अभियन्ता–विद्युत, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर ने अवगत कराया कि इनमें से कई स्थानों पर सिग्नल लाईट लगाने का कार्य प्रगति पर है। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से इन चौराहों/स्थानों पर फिलहाल यातायात सिग्नल लाईटें नहीं लगाने का निर्णय लिया तथा जहां कार्य प्रगति पर है, उस कार्य को सुरक्षित स्टेज पर लागकर फिलहाल रोक दिया जावे।

बैठक में उपस्थित उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया कि हाल ही में खतरनाक पुलिया व तारघर घुमटी के पास यातायात सिग्नल लाईटें लगाये कयी है। तारघर घुमटी पर सबसे ऊपर लगी लाल बती रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 02 से रेलवे ड्राईवरों को भ्रमित करती है, ऐसी शिकायत प्राप्त हुई है। इसके निराकरण हेतु विशेषज्ञ से मौका निरीक्षण कराया जावे तथा बाउण्ड्री वाल पर हॉर्डिंग लगाये जाकर इसका निराकरण किया जा सकता है। इस संबंध में विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि प्रथमदृष्टया रेलवे की दीवार है, जिसे ऊंचा किया जाकर इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। इस संबंध में उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर को रेलवे विभाग को उक्त दीवार ऊंची करने हेतु निवेदन करने हेतु पत्र लिखने का निर्देश प्रदान करने का निर्णय लिया गया। यदि रेलवे विभाग इस दीवार को ऊंची करने में असमर्थ है तो नियमानुसार रेलवे विभाग से अनापत्ति प्राप्त कर जोधपुर विकास प्राधिकरण,

जोधपुर द्वारा उक्त दीवार को ऊंची करने का कार्य प्राथमिकता से किया जावे ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने की आशंका नहीं रहे।

## प्रस्ताव संख्या 5 :: शहर के बस–स्टैण्ड का सौन्दर्यकरण व सुदृढीकरण

बैठक में शहर के बस स्टेण्डों का सौन्दर्यकरण एवं सुदढीकरण के संबंध में विचार विमर्श किया जाकर यह निर्णय लिया गया कि 10 पर्याप्त स्थान वाले बस स्टेण्डों का चिन्हिकरण किया जावे तथा वहां मॉडल बस स्टेण्ड निर्माण का कार्य नगर निगम, जोधपुर द्वारा करवाया जावे।

## प्रस्ताव संख्या 6 :: रोड कट्स व रोड कॉसिंग/डिवाईडर पर चर्चा

बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया कि उनके द्वारा जरिये पत्र कमांक य.2 ( ) जोध/ पु. उपा./ याता/ 2016/ 3889 दिनांक 14 जून, 2016 द्वारा रोड डिवाईडर बनाने, अनावश्यक कट बन्द करवाने तथा सडक डिवाईडर कट को खुलवाने की आवश्यकता है।

बैठक में उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर के पत्र दिनांक 14 जून, 2016 पर चर्चा कर निम्नलिखित निर्णय लिये गये:–

1– सेक्सन –7 से डीजल शैड होते हुए एम्स तिराहा तक सडक के मध्य डिवाईडर का निर्माण किया जावे।

2– पीली टंकी के पास तकनीकी परीक्षण कर रोड कट्स बनाया जावे।

3-- आखलिया चौराहा से बोम्बे मोटर्स तक कमेटी द्वारा मौका निरीक्षण कर मौका निरीक्षण रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत की जावे।

4– अवैध कट्स बन्द करने के लिए उपायुक्त–मुखालय एवं यातायात द्वारा अधिशाषी अभियन्ता नगर निगम, जिला परिवहन अधिकारी एवं यातायात पुलिस के अधिकारियों की टीम से सर्वे करवाकर तद्नुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग को पत्र लिखा जावे।

5– बैठक में अवगत कराया गया कि पुलिस लाईन के सामने डिवाईडर निर्माण हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा कार्यादेश जारी किया जा चुका है। अतः अब इस संबंध में जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा कार्यवाही नहीं की जावे।

## प्रस्ताव संख्या 7 :: शहर मे मॉबिलिटी प्लान पर चर्चा ।

बैठक में शहर के मॉबिलिटी प्लान तैयार करने के संबंध में विचार विमर्श करने के उपरान्त मॉबिलिटी प्लान के संबंध में प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निदेशक–अभियांत्रिकी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर को निर्देशित करने का निर्णय लिया गया।

## प्रस्ताव संख्या 8 :: यातायात व्यवस्था व जागरूकता हेतु आई.ई.सी. गतिविधियों पर चर्चा

बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया कि आम नागरिकों में यातायात के प्रति जागरूकता लाने की दृष्टि से यातायात पुलिस द्वारा स्कूलों एवं अन्य संस्थाओं में जाकर छात्रों व आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए इसे निर्बाध रूप से जारी रखने एवं और अधिक प्रभावी तरीके से यातायात जागरूकता के लिए कार्य करने हेतु प्रयास करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 9 :: गति सीमा के बोर्ड लगाने हेतु स्थानों पर चर्चा।**

बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया कि उनके द्वारा जरिये पत्र कमांक य.2 ( ) जोध/ पु. उपा./ याता/ 2016/ 3889 दिनांक 14 जून, 2016 द्वारा अवगत कराया कि पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में सभी प्रकार के वाहनों के लिए अलग–अलग गतिसीमा की अधिसूचना निर्धारित की जा चुकी है। शहर में वर्तमान में अधिसूचित गतिसीमा के बोर्ड नियमानुसार लगाने आवश्यक है ताकि आमजन को सडकों पर वाहनों की गतिसीमा से संबंधित जानकारी मिल सके। उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अपने पत्र दिनांक 14 जून, 2016 में ऐसी सडकों जहां पर इस आशय के बोर्ड लगाये जाने है, की सूची भी अंकित की है।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर के पत्र दिनांक 14 जून, 2016 में वर्णित स्थल जो कम संख्या 1 से 16 है, पर उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर अथवा उनके प्रतिनिधि द्वारा चयनित स्थल पर जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा लगाये/स्थापित किये जाने का निर्णय लिया गया। लगाये जाने/स्थापित किये जाने वाले गतिसीमा के बोर्ड का प्रारूप प्रादेशिक परिवहन अधिकारी द्वारा दिया जावेगा।

**प्रस्ताव संख्या 10 :: सी.सी. टीवी कैमरे लगाने पर चर्चा।**

बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया कि उनके द्वारा जरिये पत्र कमांक य.2 ( ) जोध/ पु. उपा./ याता/ 2016/ 3889 दिनांक 14 जून, 2016 द्वारा कृषि मण्डी के पास सी.सी. टीवी कैमरे लगाने की मांग की है।

बैठक में उपस्थित अधिशाषी अभियन्ता–विद्युत श्री भॅवरलाल चौधरी ने अवगत कराया कि सीसी टीवी कैमरे लगाने हेतु कार्यादेश जारी कर दिया गया है। आगामी एक दो दिवस में उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात के निर्देशानुसार कैमरे लगाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया जावे। बैठक में अब तक की गयी कार्यवाही पर संतोष व्यक्त करते हुए शीघ्र ही कैमरे लगाने के निर्देश प्रदान किये।

**प्रस्ताव संख्या 11 :: पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाये जाने पर चर्चा।**

बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया कि उनके द्वारा जरिये पत्र कमांक य.2 ( ) जोध/ पु. उपा./ याता/ 2016/ 3889 दिनांक 14 जून, 2016 के बिन्दु संख्या 3 द्वारा 23 विभिन्न स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने की मांग की है।

बैठक में उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात के पत्र दिनांक 14 जून, 2016 पर विचार विमर्श कर फिलहाल तीन मुख्य चौराहे यथा पावटा चौराहा, नई सडक चौराहा एवं जालोरीगेट चौराहा पर प्रायोगिक तौर पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा लगाने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 12 :: पार्किंग स्थल व जेब्रा लाईन पर चर्चा

बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया कि उनके द्वारा जरिये पत्र कमांक य.2 ( ) जोध/ पु. उपा./ याता/ 2016/ 3889 दिनांक 14 जून, 2016 के बिन्दु संख्या 5 द्वारा 48 स्थानों पर नई जेब्रा लाईन लगाने एवं शहर के विभिन्न यातायात पॉईन्ट्स पर पार्किंग व जेब्रा लाईन आदि लगाने के अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने की मांग की है।

बैठक में उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात के पत्र दिनांक 14 जून, 2016 पर विचार विमर्श कर पत्र के बिन्दु संख्या 5 में वर्णित 48 स्थानों तथा शहर के विभिन्न यातायात पॉईन्ट्स पर पार्किंग व जेब्रा लाईन जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से लगाने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 13 :: नई यातायात घुमटियों की आवश्यकता पर चर्चा।

बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया कि उनके द्वारा जरिये पत्र कमांक य.2 ( ) जोध/ पु. उपा./ याता/ 2016/ 3889 दिनांक 14 जून, 2016 के बिन्दु संख्या 12 द्वारा विभिन्न 7 स्थानों पर नई यातायात घुमटी लगाने की मांग की है।

बैठक में उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात के पत्र दिनांक 14 जून, 2016 पर विचार विमर्श कर पत्र के बिन्दु संख्या 12 पर विचार विमर्श कर पत्र में वर्णित सातों स्थानों पर नई यातायात घुमटी उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से लगाने का निर्णय लिया गया। नई यातायात घुमटियों की डिजाईन गर्मी व वर्षा से बचाव आदि को दृष्टिगत रखते हुए उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात से अनुमोदित करवाकर निर्माण करवायी जावेगी।

प्रस्ताव संख्या 14 :: बरसात के मौसम के मध्यनजर सडकों पर खड्डे व नाला मरम्मत/ सफाई के संबंध में चर्चा।

बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया कि उनके द्वारा जरिये पत्र कमांक य.2 ( ) जोध/ पु. उपा./ याता/ 2016/ 3889 दिनांक 14 जून, 2016 के बिन्दु संख्या 15 द्वारा आगामी वर्षा ऋतु को मद्देनजर रखते हुए सफाई की मांग की है।

बैठक में उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात के पत्र दिनांक 14 जून, 2016 पर विचार विमर्श कर पत्र में वर्णित खतरनाक पुलिया, कलेक्ट्रेट रोड, रेजीडेन्सी रोड, गौरव पथ, पॉचबत्ती आदि स्थानों के अलावा अन्य स्थानों पर स्थित नालों की सफाई व मरम्मत का कार्य नगर निगम, जोधपुर द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता से करवाने हेतु उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर को आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को पत्र लिखकर अनुरोध करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 15 :: मूत्रालय की व्यवस्था

बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया कि उनके द्वारा जरिये पत्र कमांक य.2 ( ) जोध/ पु. उपा./ याता/ 2016/ 3889 दिनांक 14 जून, 2016 के बिन्दु संख्या 13 द्वारा शहर के सभी

प्रमुख चौराहें पर मूत्रालय की स्थायी/अस्थायी मूत्रालय की व्यवस्था नगर निगम द्वारा करवाये जाने की मांग की है ताकि इसका उपयोग आमजन व पुलिसकर्मियों द्वारा किया जा सके।

बैठक में उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात के पत्र दिनांक 14 जून, 2016 पर विचार विमर्श कर शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर मूत्रालय की स्थायी/अस्थायी व्यवस्था नगर निगम द्वारा करवाये जाने हेतु उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात द्वारा आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को पत्र लिखे जाने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 16 :: ब्लाईंड कट्स के संबंध में।

बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया कि उनके द्वारा जरिये पत्र कमांक य.2 ( ) जोध/ पु. उपा./ याता/ 2016/ 3889 दिनांक 14 जून, 2016 के बिन्दु संख्या 4 द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर डिवाईडर बनाकर सुगम यातायात हेतु कट्स दिये गये तथा डिवाईडर पर सौन्दर्यकरण के लिए फुलवारी लगायी गई है, परन्तु उक्त फुलवारी के कारण मुडने वाले वाहनों को सीधा आने वाला वाहन दिखाई नहीं देता है, जिसके कारण यह ब्लाईंड कट साबित हो रहे है। इसके निराकरण हेतु कट के पास से 10 फीट की दूरी तक इस फुलवारी को साफ करवा दिया जावे ताकि वहां पर स्पष्टदृश्यता बनी रहे तथा कट ब्लाईंड नहीं हो सके।

बैठक में उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात के पत्र दिनांक 14 जून, 2016 पर विचार विमर्श किया गया। विचार विमर्श के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कट के पास 10 फीट की दूरी बहुत ही कम है। यह दूरी कम से कम 10 मीटर होनी चाहिए। बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि ऐसे कट के पास कम से कम 10 मीटर तक वृक्षारोपण को हटाकर साफ करवाया जावे ताकि वहां स्पष्टदृश्यता बनी रहे।

प्रस्ताव संख्या 17 :: **Rectification of Black Spot for the Year 2016**

बैठक में सचिव, प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि नगरीय विकास विभाग ने अपने पत्र कमांक प. 5 (8) नविवि/ सडक सुरक्षा/ 5/ 2015 दिनांक 23 मई, 2016 द्वारा Black Spot की सूची प्राधिकरण को प्रेषित है। उक्त सूची में वर्णित स्थल सार्वजनिक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं नगर निगम के क्षेत्राधिकार में आते है।

बैठक में विचार विमर्श सर्व सम्मति से नगरीय विकास विभाग को वस्तुस्थिति से उपरोक्तानुसार अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

तत्पश्चात् बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(राजेन्द्र सिंह राठौड़)
सचिव

कमांक/टीसीबी/2016/134–164 दिनांक :: 17 जून, 2016

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान, जयपुर
2. महापौर महोदय, नगर निगम, जोधपुर
3. अध्यक्ष महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
4. जिला मजिस्ट्रेट, जोधपुर

5. पुलिस उपायुक्त–पूर्व / पश्चिम / मुख्यालय एवं यातायात / पुलिस अधीक्षक–ग्रामीण, जोधपुर
6. आयुक्त महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
7. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जोधपुर
8. महाप्रबन्धक (प्रचालन), राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जोधपुर
9. अपर मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, जोधपुर
10. अपर मुख्य अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जोधपुर
11. अपर मुख्य अभियन्ता, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर
12. प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर
13. कमाण्डर 45, सीमा सडक कृतिक बल, जालम विलास, जोधपुर
14. निदेशक–अभियांत्रिक / आयोजना / वित्त / विधि, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
15. उपायुक्त–पूर्व / पश्चिम / उत्तर / दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
16. अधीक्षण अभियन्ता–प्रथम / द्वितीय / तृतीय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
17. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
18. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक), जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर को कार्यवाही विवरण का अंकन वेब–साईट पर करने तथा संबंधित अधिकारियों को जरिये ई–मेल प्रेषित करने हेतु प्रेषित है।
19. ..........................................................................................

(राजेन्द्र सिंह राठौड़)
सचिव

परिशिष्ट--1

दिनांक 17 जून, 2016 को प्रातः श्री कैलाशचन्द्र मीना, आई.एएस. जोधपुर विकास आयुक्त एवं अध्यक्ष, जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्षता में आयोजित जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण

| क्र.सं. | नाम अधिकारी मय पदनाम व विभाग |
|---|---|
| 1. | श्री विकास शर्मा, उपायुक्त पुलिस (मुख्यालय एवं यातायात) जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर |
| 2. | श्री अर्जुनसिंह राठौड, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर |
| 3. | श्री दलवीरसिंह ढ़ढा, उपायुक्त, नगर निगम, जोधपुर |
| 4. | श्री मोहनसिह राजपुरोहित, उपायुक्त–दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 5. | श्री वेद प्रकाश शर्मा, सहायक उपायुक्त–यातायात (पूर्व) जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर |
| 6. | श्री अय्यूब खां, सहायक उपायुक्त–यातायात (पश्चिम) जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर |
| 7. | श्री अतुल बल रत्नू, निदेशक–वित्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 8. | श्री ओ.पी. गौड, अधीक्षण अभियन्ता (सी.सी.) जोधपुर डिस्कॉम, जोधपुर |
| 9. | श्री नवरतन लाल गहलोत, अति0 पुलिस अधीक्षक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 10. | श्री के.के. व्यास, अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जोधपुर |
| 11. | श्री महेन्द्रसिंह देवडा, अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत–II, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर |
| 12. | श्री सुधीर माथुर, अधिशाषी अभियन्ता, नगर निगम, जोधपुर |
| 13. | श्री भँवरलाल चौधरी, अधिशाषी अभियन्ता–विद्युत, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 14. | श्री श्रीराम सोनी, सहायक अभियन्ता, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 15. | श्री इन्द्रजीत, सहायक नगर नियोजक (कार्यवाहक निदेशक–आयोजना), जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 16. | श्री चन्द्रवीर चारण, डीपो मैनेजर, राजस्थान राज्य पथ निगम लिमिटेड, जोधपुर |
| 17. | श्री राजेन्द्रसिंह राठौड़, सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |